Downloaded From : http://cbseportal.com/

**Series HMJ**

**SET-4**

कोड नं.
Code No. **40**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

| नोट | NOTE |
|---|---|
| (I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं । | (I) Please check that this question paper contains **15** printed pages. |
| (II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **21** प्रश्न हैं । | (III) Please check that this question paper contains **21** questions. |
| (IV) कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें । | (IV) Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it. |
| (V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# विधिक अध्ययन

# LEGAL STUDIES

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

*सामान्य निर्देश :*

*(i)* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं । सभी खण्डों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ।*

*(ii)* ***खण्ड क –*** *प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***4*** *में* ***20*** *वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जो प्रत्येक* ***1*** *अंक के हैं ।*

*(iii)* ***खण्ड ख –*** *प्रश्न संख्या* ***5*** *से* ***12*** *तक* ***2*** *अंकों के हैं जिनका उत्तर* ***40*** *शब्दों से अधिक में नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* ***खण्ड ग –*** *प्रश्न संख्या* ***13*** *से* ***17*** *तक* ***4*** *अंकों के हैं जिनका उत्तर* ***100*** *शब्दों से अधिक में नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* ***खण्ड घ –*** *प्रश्न संख्या* ***18*** *से* ***21*** *तक* ***6*** *अंकों के हैं जिनका उत्तर* ***200*** *शब्दों से अधिक में नहीं होना चाहिए ।*

## खण्ड क

**1.** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(a) एक एडवोकेट जनरल की नियुक्ति के लिए आवश्यक योग्यता ____________ के समान है । *1*

(b) ____________ से न्यायाधीशों को 'भूसे में से गेहूँ बीनने' जैसे काम में सहायता मिलती है और यह अदालती प्रक्रिया में तथ्यों को विकसित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है । *1*

**अथवा**

यदि आरोपी को आरोप तय होने से पूर्व ही अभियोजन से अलग होने की अनुमति दे दी जाए, तो उसे ____________ कहा जाता है । *1*

(c) लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 में प्रत्येक राज्य में सार्वजनिक पदाधिकारियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार के आरोपों से निपटने के लिए ____________ स्थापित करने के प्रावधान हैं । *1*

(d) अनुच्छेद 21A छह वर्ष से चौदह वर्ष तक सभी के लिए नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त करने का प्रावधान करता है और __________ को इसे लागू करने के लिए बाध्य करता है । *1*

**अथवा**

अनुच्छेद 24 ____________ वर्ष से कम आयु वाले बच्चों को फैक्टरियों, खानों में या ख़तरनाक रोज़गार से निषेध करता है । *1*

(e) ____________ को स्पष्टतापूर्वक लागू किया गया कि किसी भी महिला को केवल उसके लिंग के कारण विधिक व्यवसाय में प्रविष्ट होने या नामांकित होने से अयोग्य घोषित नहीं किया जा सकता । *1*

**2.** एक शब्द या वाक्य में उत्तर दीजिए ।

(a) TDSAT (टेलीकॉम विवाद निपटान न्यायाधिकरण) तथा TRAI (भारतीय टेलीकॉम नियामक प्राधिकरण) में क्या संबंध है ? *1*

**अथवा**

अवर न्यायपालिका से एक न्यायाधीश को कैसे हटाया जा सकता है ? *1*


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

***General Instructions :***

*(i)* ***All** questions are compulsory. Internal choice is given in all sections.*

*(ii)* ***Section A** – Questions number **1** to **4** has **20** objective type questions of 1 mark each.*

*(iii)* ***Section B** – Questions number **5** to **12** are of **2** marks each. The answers to these questions should not exceed **40** words each.*

*(iv)* ***Section C** – Questions number **13** to **17** are of **4** marks each. The answers to these questions should not exceed **100** words each.*

*(v)* ***Section D** – Questions number **18** to **21** are of **6** marks each. The answers to these questions should not exceed **200** words each.*

## SECTION A

**1.** Fill in the blanks :

(a) The qualification required for appointment as an Advocate General is similar to that of a ___________ . *1*

(b) ___________ helps the judges to separate the 'wheat from the chaff' and plays a crucial role in the establishment of facts during the court proceedings. *1*

**OR**

If the accused is allowed to be withdrawn from prosecution, prior to framing of charges, it is called ___________ . *1*

(c) The Lokpal and Lokayukta Act, 2013 provides for the establishment of ___________ at every state in order to deal with complaints of corruption against public functionaries. *1*

(d) Article 21A provides for right to education to all children between the ages of six and fourteen and obligates ___________ to implement this. *1*

**OR**

Article 24 prohibits employment of children below the age of ___________ years in factories, mining and other hazardous employment. *1*

(e) ___________ was enacted to expressly provide that no woman would by reason only of her sex, be disqualified from being admitted or enrolled as a legal practitioner or from practicing as such. *1*

**2.** Answer in one word/one sentence each.

(a) What is the relation between TDSAT (Telecom Dispute Settlement Appellate Tribunal) and TRAI (Telecom Regulatory Authority of India) ? *1*

**OR**

How can a judge from lower judiciary be removed from his office ? *1*



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

(b) विधिक सहायता के राष्ट्रीय कार्यान्वयन की समिति का प्रधान कौन था ? *1*

**अथवा**

1976 में भारत द्वारा पुष्टीकरण किए गए उस प्रतिज्ञापत्र (कॉविनेंट) की पहचान कीजिए जिससे भारत के लिए नि:शुल्क विधिक सहायता देना बाध्यकारी है । *1*

(c) एक उभरते हुए फौज़दारी वकील, रोहन अब्बास, ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया की अनुमति लेकर एक पाँच घटकों की सूचना तैयार की जिसे वह ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए इंटरनेट पर डाल सके । सूचना में उसका नाम, उसके संपर्क विवरण तथा उसकी पेशेवर एवं शैक्षिक योग्यताएँ सम्मिलित थीं । इसके अलावा, अन्य दो सूचनाओं का उल्लेख कीजिए जिन्हें रोहन अपनी सेवाओं के विज्ञापन हेतु दे सकता है । *1*

(d) राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण का प्रधान संरक्षक कौन होता है ? *1*

(e) अरविन्द को कार्यालयी कोष के दुरुपयोग के लिए एक सेशन न्यायाधीश के समक्ष अभियोजित किया । उसके पास वकील रखने के लिए पर्याप्त साधन नहीं हैं । अरविन्द के पास क्या उपचार उपलब्ध है ? *1*

**अथवा**

न्याय का रॉल्स का पहला सिद्धांत बताइए । *1*

**3.** बहुविकल्पीय प्रश्न :

(a) तुषार दिल्ली सरकार का कर्मचारी है जो कृषि अनुसंधान संस्थान में विश्लेषक के पद पर काम करता है । उसे एक पाँच कमरे का आवास मिला था जिसका किराया नहीं चुकाना पड़ता । तुषार ने संस्थान में पढ़ने वाले दो विद्यार्थियों को मामूली किराए पर दो कमरे दे दिए । यह मामला राज्य प्रशासनिक अभिकरण को रिपोर्ट किया गया । उसे एक महीने के लिए निलंबित कर दिया गया और आवास खाली करने को कहा गया । तुषार राज्य प्रशासनिक अभिकरण के निर्णय के विरुद्ध अपील करना चाहता है । वह अपील कहाँ करे ? *1*

(A) केन्द्रीय प्रशासनिक अभिकरण

(B) उच्चतम न्यायालय की डिवीज़न बेंच

(C) दिल्ली उच्च न्यायालय की डिवीज़न बेंच

(D) वैकल्पिक विवाद निपटान पद्धति के अंतर्गत किसी अपील की अनुमति नहीं है

**अथवा**

भूमि के एक प्लॉट के हक (टाइटिल) और कब्ज़े के बारे में श्रीमती श्रेया और श्रीमती पियाली के बीच एक विवाद था । विवाद के पक्षों ने एक तीसरे पक्ष श्रीमती लियम को नियुक्त किया जिसने संभावित हलों का सुझाव दिया । इस स्थिति में श्रीमती लियम की भूमिका की पहचान कीजिए । *1*

(A) विवाचक (आर्बीट्रेटर)

(B) समझौताकर्ता (निगोशिएटर)

(C) मध्यस्थ (मीडिएटर)

(D) परामर्शदाता (कांसिलिएटर)



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

(b) Who headed the Committee on National Implementation of Legal Aid ? *1*

**OR**

Identify the covenant ratified by India in 1976 that binds India with the international obligation to provide free legal assistance. *1*

(c) Rohan Abbas, an upcoming criminal lawyer, after taking approval from the Bar Council of India prepared a five piece information that he can put on the internet to solicit clients. The information included his name, his contact details and his professional and academic qualifications. Apart from these, mention the other two pieces of information that Rohan can give to advertise his services. *1*

(d) Who is the Patron-in-Chief of the State Legal Services Authority ? *1*

(e) Arvind is being tried for misappropriation of office funds in a trial before the Sessions Judge. He does not have sufficient means to engage a pleader. What remedy is available to Arvind ? *1*

**OR**

State Rawls' first principle of justice. *1*

**3.** Multiple Choice Questions :

(a) Tushar is a Delhi Government employee working as a research analyst at Krishi Anusandhan Kendra (Institute), Delhi. He was given a rent-free accommodation having five rooms. Tushar sublet two rooms to the students studying in the institute at a nominal rent. The matter was reported to the State Administrative Tribunal. He was suspended for a month and was asked to vacate the accommodation. Tushar wants to appeal against the decision of the State Administrative Tribunal. Where should he appeal ? *1*

(A) Central Administrative Tribunal

(B) Division Bench of Supreme Court of India

(C) Division Bench of High Court of Delhi

(D) No appeal is allowed in Alternate Dispute Resolution mechanisms

**OR**

There was a dispute between Ms. Shreya and Ms. Piyali regarding the title and possession of a plot of land. The parties to the dispute appointed a neutral third party Ms. Liam who suggested potential solutions. Identify the role of Ms. Liam in this situation. *1*

(A) Arbitrator

(B) Negotiator

(C) Mediator

(D) Conciliator


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

(b) एक महाविद्यालय का छात्र, सुधीर, अपनी सहपाठिका, कृति, का पीछा करता है । वह उसे विभिन्न सोशल मीडिया पोर्टल्स पर अवांछित संदेश तथा 'मित्र बनने की प्रार्थना' भेजता है । यद्यपि इसमें कोई हिंसा नहीं है तथा न ही हिंसा की धमकी है, क्या सुधीर फिर भी कसूरवार है ? *1*

(A) हाँ, क्योंकि वह कृति की निजता का उल्लंघन कर रहा है ।

(B) हाँ, क्योंकि वह कृति का ग़ैरकानूनी उत्पीड़न कर रहा है ।

(C) नहीं, क्योंकि उसने कृति को कोई शारीरिक नुकसान या चोट नहीं पहुँचाया है ।

(D) हाँ, क्योंकि उसने एक आदर्श छात्र होने का कर्तव्य नहीं निभाया ।

**अथवा**

प्रशासनिक कार्रवाई जिसमें प्राधिकारी के साथ कोई स्वनिर्णय निहित नहीं होता, कहलाता है *1*

(A) पूर्ण रूप से प्रशासनिक कार्रवाई

(B) मंत्रालय की कार्रवाई

(C) प्रशासनिक अधिनिर्णायक कार्रवाई

(D) (A) तथा (B) दोनों

(c) सर्वप्रथम सदस्य बनीं भारतीय महिला वकील थीं *1*

(A) श्रीमती हाज़रा

(B) अण्णा चंडी

(C) कॉर्नेलिया सोराबजी

(D) फातिमा बीवी

(d) रवीना किसी प्रतिष्ठित विधि व्यवसाय प्रतिष्ठान के लिए काम कर रही है । उसकी विशेषज्ञता में व्यावसायिक और आर्थिक कानूनों पर काम करना और दो पक्षों के बीच व्यावसायिक लेन-देन पर परामर्श देना शामिल है । लेन-देन, मसौदा संविदा तथा अन्य प्रलेखों पर भी वह परामर्श देती है तथा ग्राहकों के व्यावसायिक समझौतों पर भी सहायता करती है । रीना ने विशेषज्ञता प्राप्त की है *1*

(A) कॉर्पोरेट लॉ में

(B) टैक्सेशन लॉ में

(C) ट्रान्ज़ेक्शनल लॉ में

(D) कानूनी प्रक्रिया के आउटसॉर्स करने में

**अथवा**

माइकेल ब्राउन के पास नृविज्ञान में स्नातक की डिग्री है और ब्रिटेन में अधिवक्ता बनना चाहता है । निम्नलिखित में से क्या उसे सक्षम बनाएगा ? *1*

(A) शिष्यत्व

(B) सामान्य व्यावसायिक परीक्षा

(C) बार व्यावसायिक पाठ्यक्रम

(D) कानूनी प्रैक्टिस पाठ्यक्रम


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

(b) Sudhir, a college student, follows Kriti, his classmate. He sends her unwanted messages and 'friend request' on different social media portals. Although there is no violence or threat of violence, is Sudhir still guilty of any wrong ? *1*

(A) Yes, because he is invading Kriti's privacy.

(B) Yes, because he is unlawfully harassing Kriti.

(C) No, because he is not causing any physical harm or injury to Kriti.

(D) Yes, because he is being negligent towards his duties as a good student.

**OR**

Administrative actions in which no discretion is vested with the authority, are called *1*

(A) purely administrative actions

(B) ministerial actions

(C) administrative adjudicatory actions

(D) Both (A) and (B)

(c) The first Indian lady vakil to be enrolled was *1*

(A) Ms. Hazra

(B) Anna Chandy

(C) Cornelia Sorabjee

(D) Fathima Beevi

(d) Raveena is working with a reputed law firm. Her areas of specialization typically involve practicing in commercial and economic laws and advising on issues pertaining to commercial transactions between two parties. She also advises on the laws applicable to the transactions, drafts contracts and other documents and helps clients with the commercial negotiations. Raveena is specialized in *1*

(A) Corporate Law

(B) Taxation Law

(C) Transactional Law

(D) Legal Process Outsourcing

**OR**

Michael Browne has an undergraduate degree in Anthropology and aspires to become a lawyer in the UK. Which of the following will enable him to do so ? *1*

(A) Pupillage

(B) Common Professional Examination

(C) Bar Vocational Course

(D) Legal Practice Course


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

(e) राज्य जल बोर्ड के लिए काम करने वाले सीवर सफाई कर्मियों की दुर्दशा पर किसी उच्च न्यायालय में एक याचिका प्रस्तुत की गई । इसमें विषैले धुएँ से असुरक्षा, दम घुटना और मृत्यु की आकस्मिक दुर्घटना की समस्याओं को उजागर किया गया । इस संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन लागू होता है ? *1*

(A) राज्य के द्वारा मूल कर्तव्यों का हनन ।

(B) यदि उल्लंघन अनजाने में हुआ हो तो मूल अधिकार बलपूर्वक लागू नहीं किए जा सकते ।

(C) जनहित याचिकाओं के द्वारा राज्य के विरुद्ध मूल अधिकार बलपूर्वक लागू नहीं किए जा सकते ।

(D) राज्य नीति निदेशक सिद्धांत विधि के द्वारा बलपूर्वक लागू नहीं किए जा सकते, इसलिए कोई कार्रवाई नहीं ।

**4.** लिखिए कि निम्नलिखित कथन *सत्य* हैं या *असत्य* :

(a) वियना डिक्लेरेशन एंड प्रोग्राम ऑफ ऐक्शन के फलस्वरूप संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकारों के उच्च आयुक्त के पद का सृजन हुआ । *1*

(b) ब्रिटेन (यू.के.) में अंतर्राष्ट्रीय संधि के प्रावधानों को समवर्ती अंतर्राष्ट्रीय दायित्व के रूप में घरेलू विधान के स्थानीय कानून में बदला जाना आवश्यक होता है । *1*

(c) संविधान के खंड IV(A) में उल्लिखित सिद्धांतों का उपयोग संविधान के उन प्रावधानों के विवेचन के लिए होता है जो पुराने और द्वि-अर्थी हैं । *1*

**अथवा**

भारतीय नागरिकों को स्वीकृत भाषण की स्वतंत्रता तथा अभिव्यक्ति किसी भी आधार पर कम नहीं की जा सकती । *1*

(d) राज्य विधिक सहायता कोष को राज्य अधिकरणों की लागत के लिए प्रयोग में लाया जा सकता है जिसका प्रावधान उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति तथा तालुक विधिक सेवा समिति द्वारा किया गया है । *1*

(e) माओवादी नेता सोना लाल ने सरगुजा जिले के सभी कॉमरेडों की एक सभा बुलाई कि एक समानाधिकारवादी समिति का गठन किया जाए जो यदि आवश्यक हुआ तो हिंसक साधनों का उपयोग भी करेगी । पता चलने पर स्थानीय पुलिस ने उस क्षेत्र के चारों ओर रुकावटें खड़ी कर दीं जिससे वह आश्वस्त कर सके कि सभा आयोजित न हो पाए । यह सोना लाल के मूल अधिकारों का उल्लंघन है । *1*

## खण्ड ख

**5.** 'कानून की निर्धारित प्रक्रिया' तथा 'न्यायपालिका की स्वतंत्रता' के बीच संबंध का विश्लेषण कीजिए । *2*

**अथवा**

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 124(4) में दी गई महाभियोग की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए । *2*


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

(e) A petition was filed in a High Court highlighting the plight of sewage cleaners working for the State Jal Board. It highlighted the problems of exposure to toxic fumes, suffocation and accidental death, while working. In this context, which of the following statements is applicable ? *1*

(A) Fundamental duty has been breached by the State.

(B) Fundamental Rights cannot be enforced if the violation is not wilful.

(C) Fundamental Rights can be enforced against the State through Public Interest Litigation.

(D) Directive Principles of State Policy are not enforceable judicially so no action.

**4.** State whether the following statements are *True* or *False* :

(a) The Vienna Declaration and Programme of Action led to the creation of the post of the UN High Commissioner for Human Rights. *1*

(b) In the UK, the provisions of an international treaty need to be transformed into local law, passing a domestic legislation with concurrent provisions as per the international obligations. *1*

(c) The principles laid out the Part IV(A) of the Indian Constitution are used for interpreting provisions of the Constitution that are vague and ambiguous. *1*

**OR**

The Freedom of Speech and Expression granted to the Indian citizens cannot be curtailed on any grounds. *1*

(d) The State Legal Aid Fund shall be utilized towards the cost of functions of State Authorities, cost of legal services provided by the High Court Legal Services Committee and Taluk Legal Services Committee. *1*

(e) Sona Lal, a Maoist leader convenes a gathering of all comrades in Surguja District to establish an egalitarian society using violent means, if necessary. The local police on receiving a tip off, constructs barricades around the local area to ensure that the planned convention cannot take place. This is a violation of Sona Lal's Fundamental Right. *1*

## SECTION B

**5.** Analyse the relation between 'due process of law' and 'independence of judiciary'. *2*

**OR**

Describe the procedure of impeachment as given in Article 124(4) of the Indian Constitution. *2*


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**6.** राजबीर नाम का एक चोर श्री सूद के अपार्टमेंट में चोरी के इरादे से घुस गया । जब वह सेफ के लॉकर को खोलने का प्रयत्न कर रहा था तो श्री सूद ने उसे देख लिया और चिल्लाने लगा । राजबीर अपार्टमेंट से बाहर भागा । श्री सूद ने उसका पीछा किया और राजबीर पर एक पत्थर उछाला जिससे राजबीर के सिर पर गंभीर चोट आई ।
क्या श्री सूद इस काम के लिए कानूनी रूप से उत्तरदायी है ? तर्क संगत उत्तर दीजिए । *2*

**अथवा**

एक जवान युगल निर्मला और वेंकटेश्वरम ने श्री विष्णुवर्धन की कार पर अपना नाम कुरेद दिया ।
इस नागरिक बुराई (सिविल रॉन्ग) की पहचान कीजिए । यह भी लिखिए कि विष्णुवर्धन को कैसा कानूनी उपचार उपलब्ध है ? *2*

**7.** श्रीमती स्फूर्ति सिन्हा अंग्रेज़ी शिक्षिका हैं और उन्होंने अंग्रेज़ी में सर्वाधिक अंक लाने वाले के लिए ₹ 10,000 का पुरस्कार रखा है । एक विद्यार्थी निशा ने सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के बाद पुरस्कार पर दावेदारी प्रस्तुत की किन्तु श्रीमती सिन्हा ने यह कह कर मना कर दिया कि वह कानूनी तौर पर बाध्य नहीं है । इस संदर्भ में उपलब्ध उपचार का परीक्षण कीजिए । *2*

**8.** तनावपूर्ण संबंधों से उभरने वाले विवादों में मध्यस्थता का विकल्प अपेक्षाकृत रूप से अच्छा क्यों है ? *2*

**9.** भारत में उन निवारक नज़रबंदी कानूनों का उल्लेख कीजिए जिन पर अनुच्छेद 22 का रक्षा उपाय लागू नहीं होता । *2*

**10.** भारत की विधिज्ञ परिषद् (बार काउंसिल) के नियामक कार्यों का उल्लेख कीजिए । *2*

**11.** "42वें संशोधन अधिनियम के द्वारा सन्निविष्ट अनुच्छेद 39A भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 को अधिक सार्थक और प्रगतिशील बनाता है ।" इस कथन का मूल्यांकन कीजिए । *2*

**12.** सन् 2019 में एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र में निम्नलिखित अवलोकन किया गया :
"संसार में विकास तथा स्थायित्व सुनिश्चित करने के लिए केवल आर्थिक तथा राजनीतिक प्रबंध करना ही पर्याप्त नहीं है । संस्कृति को बढ़ावा देकर, विरासत को संजोकर रखकर तथा ज्ञान को साझा करके संसार एक वैश्विक परिवार बन सकता है जहाँ पर शान्ति और समझ है ।"
संयुक्त राष्ट्र की उस विशिष्ट एजेंसी की पहचान कीजिए जो इस संकट पर ध्यान दे सकती है और उसके मुख्य कार्यों को समझाइए । *2*


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**6.** Rajbeer, a thief, broke into the apartment of Mr. Sood with the intention of theft. While he was trying to open the safe locker Mr. Sood spotted him and started shouting. Rajbeer ran out of the apartment. Mr. Sood followed him and hurled a stone towards Rajbeer which hit him hard in the head and Rajbeer sustained serious head injury.
Is Mr. Sood criminally liable for this act ? Substantiate with proper reasons. *2*

**OR**

Nirmala and Venkateshwaram, a young couple, scratched their names on the bonnet of Mr. Vishnuvardhan's car.
Identify the type of civil wrong. Also, what remedy is available to Mr. Vishnuvardhan ? *2*

**7.** Mrs. Sfoorti Sinha is an English lecturer who offered a reward of ₹ 10,000 to the top scorer in her class. Nisha, a student claimed the reward after scoring the highest marks. Mrs. Sinha, however, refused to give the reward, stating that she is not legally bound. Examine the remedy available in this context. *2*

**8.** Why is mediation a better method for resolution of disputes arising from strained relations ? *2*

**9.** State the provision of preventive detention laws in India to which safeguard of Article 22 does not apply. *2*

**10.** State the regulatory functions of the Bar Council of India. *2*

**11.** "Article 39A inserted by $42^{nd}$ Amendment Act makes the provisions of Article 14 of the Indian Constitution more meaningful and progressive." Evaluate this statement. *2*

**12.** At the concluding session of an international conference in 2019, the following observation was made :

"Mere economic and political arrangements are not enough to ensure growth and stability in the world. By promoting culture, preserving heritage and sharing knowledge the world can become a global family where there is peace and understanding."

Identify the specialized agency of the UN that can best address this crisis and state its main functions. *2*


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

## खण्ड ग

**13.** सुशीला नाबालिग है और अपनी उम्र से बड़ी दिखाई देती है । सुब्रोतो वयस्क है और यह समझकर कि वह भी वयस्क होगी, सुशीला के साथ एक अनुबंध कर लेता है । बाद में सुब्रोतो को ज्ञात होता है कि सुशीला वयस्क नहीं है ।

(a) क्या यह अनुबंध वैध है ? कारण लिखिए ।

(b) भारतीय दंड संहिता, 1872 में उल्लिखित उस अपवाद का उल्लेख कीजिए जो अल्पवयस्क के अनुबंध करने की सक्षमता के नियम से संबंधित हो । *4*

**14.** एक नाबालिग लड़की के अपहरण के आरोप में पुलिस ने राघव और उसके दो मित्रों रवि और प्रकाश को गिरफ़्तार किया है । राघव और उसके मित्रों की बातचीत को एक कूड़ा बीनने वाले ने तब सुना जब वे एक कूड़ा गोदाम में आगे की योजना पर बात कर रहे थे । कूड़ा बीनने वाले ने पुलिस को सूचित किया और तीनों पकड़ लिए गए ।

जाँच के दौरान रवि ने इंस्पेक्टर को बताया कि यदि कोडाइकनाल ले जाया जाए, तो वह जगह दिखा सकता है जहाँ नाबालिग को रखा गया है ।

(a) दी हुई स्थिति में प्रस्तुत किए गए प्रमाणों का विश्लेषण कीजिए । क्या ये प्रमाण दोषी सिद्ध करने का आधार बन सकते हैं ?

(b) कानून की दृष्टि में रवि के कथन की क्या स्थिति है ?

(c) यदि रवि का बयान इंस्पेक्टर के स्थान पर किसी मजिस्ट्रेट के सामने दिया गया होता तो क्या प्रमाण के तौर पर इसका वही प्रभाव होता ? स्पष्ट कीजिए । *4*

**15.** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के किन्हीं चार कार्यों को स्पष्ट कीजिए । *4*

**अथवा**

भारतीय संविधान में अपराध करने के लिए आरोपित व्यक्तियों के लिए सुरक्षा उपायों के प्रावधान को स्पष्ट कीजिए । *4*

**16.** (a) NALSA विनियम, 2010 की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।

(b) विधिक सेवा अधिकरणों अधिनियम, 1987 का मुख्य उद्देश्य लिखिए । *4*

**17.** अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के द्वारा प्रभावी उन परिवर्तनों का मूल्यांकन कीजिए जिनसे भारत में विधि व्यवसाय और विधि शिक्षा में क्रांति आई । *4*


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

## SECTION C

**13.** Susheela is a minor who looks older than her age. Subroto is a major who enters into a contract with Susheela thinking that she is a major too. Later Subroto found that Susheela is a minor.

(a) Is the contract valid ? Give reasons.

(b) State the exception to the rule regarding capacity to contract by a minor as stated in the Indian Contract Act, 1872. *4*

**14.** Raghav and his two friends, Ravi and Prakash, were arrested by the Police on the charges of kidnapping and abduction of a minor girl. A conversation between Raghav and his friends was overheard by a ragpicker while they were discussing the further course of action in a junkyard. The ragpicker informed the police and the three were arrested.

During investigation, Ravi, told the Inspector that if taken to Kodaikanal, he would show the spot where the minor girl was kept.

(a) Analyse the nature of evidences presented in the given situation. Can these evidences form the basis of conviction ?

(b) What is the position of Ravi's statement in Evidence Law.

(c) If the statement by Ravi was made before a Magistrate instead of the Inspector, would it have the same impact as an evidence ? Explain. *4*

**15.** Give any four functions of the National Human Rights Commission. *4*

**OR**

Explain the provision of safeguards in the Indian Constitution, to persons accused of having committed crimes. *4*

**16.** (a) Describe the broad features of the NALSA Regulations, 2010.

(b) State the main objective of the Legal Services Authorities Act, 1987. *4*

**17.** Evaluate the changes effected by the Advocates Act, 1961 that revolutionised the legal profession and legal education in India. *4*



Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From :http://cbseportal.com/

**खण्ड घ**

**18.** निर्णय देने वाले और व्याख्या करने वाले के रूप में उच्चतम न्यायालय की भूमिका का परीक्षण कीजिए । *6*

**19.** अनुज और हरीश भाई हैं और एक संयुक्त हिंदू परिवार के व्यापार ढाँचे में मसालों का होलसेल व्यापार कर रहे हैं । संपत्ति के अधिकार के बारे में दोनों में विवाद पैदा हुआ । अनुज ने हरीश के साथ संपत्ति के अधिकारों का निर्धारण करने के लिए वाद किया । वाद के दौरान अनुज ने बृजेश के पक्ष में संपत्ति की बिक्री की शुरुआत की ।

(a) संपत्ति हस्तांतरण अधिनियम के अंतर्गत हरीश के लिए उपलब्ध कानूनी प्रावधानों की पहचान कीजिए और स्पष्ट कीजिए ।

(b) इस सिद्धांत (डॉक्ट्रीन) के अंतर्गत सुरक्षा के लिए हरीश को किन शर्तों को पूरा करना होगा ?

(c) यदि संपत्ति का हस्तांतरण अभी न हुआ हो और अभियोग के बाद इसके हस्तांतरण के लिए एक आकस्मिक समझौता हुआ हो, तो क्या वह सिद्धांत लागू हो सकता है ? *6*

**20.** कानूनी प्रणालियों के दो विस्तृत मॉडल अधिनिर्णय की तकनीकी तथा न्याय वितरण प्रक्रिया में भिन्न होते हैं । सविस्तार प्रतिपादित कीजिए । *6*

**अथवा**

(a) उन कारणों का विश्लेषण कीजिए जिनके द्वारा भारतीय न्यायिक प्रणाली में वैकल्पिक विवाद निपटान तकनीकों के लिए मार्ग स्पष्ट किया ।

(b) "वैकल्पिक विवाद निपटान (ADR) तकनीकों की समानता का श्रेय विवाद निपटान की प्रक्रिया में उपकरणताओं (इंस्ट्रुमेंटेलिटीज़) के द्वारा निर्वाह की गई भूमिका को दिया जाता है ।" विवाचक (आर्बिट्रेटर), मध्यस्थ (मीडिएटर) और परामर्शदाता (कांसिलिएटर) की भूमिका को समझाते हुए इस कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए । *6*

**21.** (a) 'निजी अंतर्राष्ट्रीय कानून' क्या है ? यह 'सार्वजनिक अंतर्राष्ट्रीय कानून' से किस प्रकार भिन्न है ?

(b) 'निजी अंतर्राष्ट्रीय कानून' को 'कानूनों का विवाद' क्यों कहा जाता है ?

(c) किन्हीं तीन अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के नाम लिखिए जो विभिन्न देशों में व्यक्तिगत कानूनों को समरूप करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं । *6*


Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

## SECTION D

**18.** Examine the role of the Supreme Court as an adjudicator and interpreter. *6*

**19.** Anuj and Harish are brothers having a wholesale business of spices, working under a Joint Hindu Family business set-up. A dispute ensued between the two for title of the property. Anuj has a litigation in determining the title of property with Harish. During the period of litigation, Anuj initiates a sale of the property in favour of Brijesh.

(a) Identify and explain the legal provision in the Transfer of Property Act that can help Harish to stay the transaction.

(b) What are the conditions to be satisfied by Harish in order to invoke the protection under this doctrine ?

(c) Can the doctrine be invoked if the property is not yet transferred, but only a contingent agreement for its transfer after the suit has been decided is made ? *6*

**20.** The two broad models of legal systems differ in their techniques of adjudication and justice delivery mechanism. Elaborate. *6*

**OR**

(a) Analyse the reasons that paved the way for alternate dispute resolution techniques in the Indian judicial system.

(b) "The success of ADR techniques is attributed to the role played by the instrumentalities in the process of dispute resolution." Justify explaining the role of an arbitrator, mediator and conciliator. *6*

**21.** (a) What is 'Private international law' ? How is it different from 'Public international law' ?

(b) Why is 'Private international law' referred to as 'Conflict of Laws' ?

(c) Evaluate the role of any three international bodies which have been working towards harmonizing private laws of different countries. *6*


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE